>

Title: Regarding religious conversion of Adivasi people in Sukma district of Chhattisgarh-laid.

श्री मोहन मंडावी (कांकेर): छत्तीसगढ़ प्रांत के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र सुकमा सहित अन्य क्षेत्रों में हो रहा धर्मांतरण एक गंभीर विषय है। उल्लेखनीय है कि सुकमा जिले में आदिवासियों के धर्मांतरण होने पर पुलिस अधीक्षक की **स्वी**कारोक्ति एवं सरकार के जिम्मेदार मंत्रियों के परस्पर विरुद्ध बयान अत्यन्त गंभीर व चिंताजनक हैं। आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में हो रहे धर्मांतरण की स्थिति केवल सुकमा जिले में ही नहीं, कमोबेश यही स्थिति पूरे प्रदेश में है। प्रदेश सरकार के मंत्रियों द्वारा धर्मांतरण के पक्ष में दिये गये बयान आदिवासियों की मूल संस्कृति, अस्तित्व एवं अस्मिता की अक्षुणता को बनाये रखने में सहयोगपूर्ण नहीं हैं।

अतः सरकार से गुजारिश है कि इस संवेदनशील मामले पर त्वरित हस्तक्षेप करने हेतु निर्देशित करने की महान कृपा की जाए।

माननीय सभापति : श्री बसंत कुमार पंडा I

… (व्यवधान)

माननीय सभापति: श्रीमती रीती पाठक

… (व्यवधान)